**खबर संक्षेप**

## 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक रहेगा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान

**मण्डला।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने जिले के समस्त एन.जी.ओ. पब्लिक स्थान कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि तथा जिले के लोगों से अपील की है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के शीर्षक के अनुरूप गतिविधियां महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष रूप से केन्द्रित होगी। गर्भवती माताओं एवं सिकल सेल एनीमिया की कमी से परिवार को खून की कमी अक्सर होती है। मरीजों को तत्काल ब्लड बैंक से ब्लड की व्यवस्था की जाती है, ब्लड बैंक में ब्लड की कमी आ जाती है, मानवता के लिये रक्तदान अवश्य करें। अभियान के तहत जिला चिकित्सालय मण्डला एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर वृहद स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर तथा विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों के साथ-साथ रक्तदान शिविरों का आयोजन प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित दिनांक को किया जायेगा। जिसमें 17 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय मंडला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछिया में 17 सितंबर एवं 27 सितंबर को, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनपुर में 20 सितंबर को, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में 22 सितंबर को, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुघरी में 23 सितंबर को, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई में 24 सितंबर को, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनी बंजर में 25 सितंबर को, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीजाडांडी में 26 सितंबर को, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवास में 29 सितंबर को एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहगांव में 30 सितंबर को रक्तदान शिविर लगाया जायेगा।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निर्देश

# बगैर परमिट वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही

*** समाधान ऑनलाईन के लिए चयनित विषयों पर चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसपी श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, समस्त एसडीएम, आरटीओ श्री बिमलेश गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में हिट एण्ड रन, राहवीर योजना, कैशलेस ट्रीटमेंट, वाहनों के फिटनेस, लर्निंग लायसेंस कैम्प, स्कूल एवं यात्री बसों की जांच जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने परिवहन विभाग को जिले के स्कूलों में संचालित स्कूल बसों एवं यात्री बसों की जांच, वाहनों के फिटनेस, राहगीर योजना 2025 के क्रियान्वयन, बगैर परमिट के चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही, बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने एवं बगैर सीटबेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चलाने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट पर सुधारयोग्य कार्यवाही करने, पुल-पुलियों पर रिफलेक्टर, दिशासूचक एवं सड़कों की मरम्मत करने, कैशलेस ट्रीटमेंट, रोड दुर्घटना के लिए चिन्हित अस्पतालों की सूची भी जनसामान्य के लिए उपलब्ध एवं इस सूची की जानकारी को व्यापक तौर पर प्रसारित करने के लिए भी निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा ने हिट एण्ड रन के प्रकरणों, नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन नहीं चलाने, नो एंट्री के निर्धारित समय में गुजरने वाले भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही, लर्निंग लायसेंस कैम्प आयोजित करने एवं पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से करने के निर्देश बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क मार्ग पर लोडिंग एवं अनलोडिंग किए जाने के समय भी निर्धारित किया जाए। साथ ही मुख्य सड़क मार्ग पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण न हो इस बात को भी सुनिश्चित किया जाए।



### अगले 5 दिनों में अगस्त माह की रैंकिंग होगी जारी

समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सीएम एवं सीएस मॉनिट के लम्बित शिकायत, जिले में समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति, सेवा पखवाड़ा अभियान के क्रियान्वयन, खाद एवं बीज की उपलब्धता, उच्च न्यायालय में जवाब दावा के लिए लम्बित न्यायालयीन प्रकरणों, सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2024 में विभागों द्वारा सहयोग राशि एवं अंतरविभागीय बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम निवास श्री सीएल वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी एसडीएम, सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा का दौर अभी जारी है। अपने-अपने क्षेत्र का सतत रूप से भ्रमण करते रहें। क्षेत्र में जलभराव एवं फसल क्षति की स्थिति पर नजर बनाए रखें। जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी बीएमओ क्विक रिस्पोंस टीम (क्यूआरटी) तैयार रखें। समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का क्रियान्वयन किया जाना है। जिन स्थानों पर विभागों द्वारा कैम्प लगाए जाएंगे उसमें हितग्राहियों के समग्र ई-केवाईसी का कार्य भी शामिल करें और इसमें प्रगति लाएं। इस अभियान के अंतर्गत जिन विभागों द्वारा विविध गतिविधियां आयोजित की जानी है उसकी तिथिवार जानकारी तैयार कर ली जाए।

सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत अगस्त माह की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने समस्त विभाग प्रमुखों को कहा कि अगले 5 दिनों में अगस्त माह की रैंकिंग जारी होनी है इस अवधि में अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ करें। उन्होंने आगामी समाधान ऑनलाईन के लिए चयनित विषयों पर चर्चा की। जिले में खाद, उर्वरक एवं बीज उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी संबंधित विभागों से लेते हुए निर्देश दिए कि सटीक रूप से कार्ययोजना बनाकर उर्वरक एवं खाद वितरित करवाएं। पेंशन से संबंधित पेंडिंग प्रकरणों में संबंधित विभागों द्वारा स्वत्वों का लाभ सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों को नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर की गई। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा अभी तक पेंशन के प्रकरण लम्बित हैं उन्हें एससीएन जारी किया जाए।

## जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं में ईकेवायसी अनिवार्य है। इस हेतु विकासखण्ड स्तर पर संचालित सभी आधार केन्द्र सुचारु रुप से संचालित हों। जिले में उपलब्ध सभी आधार किटों को समयबद्ध तरीके से क्रियाशील किया जाए। जिले में आधार कार्ड नामांकन और उनके अद्यतन की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित हुई।बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट,समस्त एसडीएम मौजूद थे।

बैठक में उन्होंने कहा कि बच्चों के नए आधार नामांकन, लंबित अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करा लें और आधार में अपने दस्तावेज जैसे फोटो,नाम,पता, मोबाइल नम्बर,पता आदि अपडेट करा लें।बैठक के दौरान यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि श्री निकेत दीवान ऑनलाईन माध्यम से जुड़े रहे।लोक सेवा प्रबंधन श्री शैलेष यादव एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय सहकारिता विभाग की प्रशासनिक समिति की बैठक संपन्न

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मण्डला की प्रशासक कमेटी, ऋण कमेटी एवं क्रय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक द्वारा किये गये ऋण वितरण, वसूली, अमानत संग्रहण एवं बैंक की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक साधारण आमसभा में रखे जाने वाले विषयों की विस्तृत रूप से चर्चा की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कृषि ऋण वितरण एवं मध्यकालीन कृषि टर्म ऋण वितरण के लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए। बैंक के पशुपालन, मध्यकालीन कृषि ऋण तथा व्यक्तिगत अकृषि ऋण के प्रकरण स्वीकृत किये गये।

### रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप महासंगम मेला 16 सितंबर को

**मण्डला।** जिले के बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वयं का उद्योग, सेवा/व्यवसाय स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से 16 सितंबर को प्रातः 11 बजे रोजगार युवा संगम का आयोजन नगर पालिका टाऊनहॉल मण्डला में किया गया है। मेले में स्वरोजगार योजनांतर्गत बैंकों से स्वीकृत/वितरण पत्रकों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हितलाभ वितरण कराया जायेगा एवं निजी क्षेत्र के उद्योग एवं कंपनियों द्वारा बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार हेतु चयन कर ऑफर लेटर प्रदाय किये जायेंगे।

### दुर्गा व्यायाम शाला में दंगल की बैठक संपन्न



**नारायणगंज।** मंडला जिले का सबसे बड़ा दंगल नारायणगंज में आयोजित किया जाता है जिसमें जबलपुर मंडला भोपाल हरियाणा पंजाब एवं आसपास के जिले एवं क्षेत्र से पहलवान लोग यहां पर आते हैं पहलवान अपनी कला का प्रदर्शन कर उत्कृष्ट कार्य के लिए इनाम पाते हैं दुर्गा व्यायाम शाला नारायणगंज के तत्वाधान में दंगल का आयोजन किया जाता है जिसमें पहलवानों को उचित नाम एवं शील्ड कप दी जाती है प्रतिबष अनुसार इस वर्ष भी दुर्गा व्यायाम साला नारायणगंज में दंगल का आयोजन किया जा रहा है इस बैठक में मगनलाल सोनी रतन सिंह ठाकुर रघुनंदन विश्वकर्मा सुंदर सोनी विपिन छत्रपाल सोनी अखिलेश अग्रवाल सुशांत अग्रवाल पंडित राजीव जोशी रुपेश अग्रवाल रामलाल पटेल कुलदीप चौक से लकी राम चक्रवर्ती राम चरण चक्रवर्ती दीपक नागेश्वर उपस्थित रहे।

## ओबीसी जोड़ो अभियान के तहत हरदहा समाज की ऐतिहासिक बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ओबीसी जोड़ो अभियान के तहत हरदहा काछी समाज की बहुप्रतीक्षित बैठक रविवार, 14 सितम्बर 2025 को हरदहा पंचायत भवन, बम्हनी बंजर में उत्साह और जोशपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज की एकता, संगठन शक्ति और अधिकारों की रक्षा को लेकर ठोस रणनीति पर गहन चर्चा हुई। बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया कि ओबीसी वर्ग की वास्तविक जनसंख्या (27%+) के आधार पर उनके अधिकार और उचित आरक्षण को सुनिश्चित कराने हेतु एक सशक्त जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि—जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक अधिकारों की लड़ाई अधूरी रहेगी। अब हर घर तक अभियान पहुँचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

बैठक में सर्वसम्मति से यह भी तय हुआ कि आगामी प्रांतीय अधिवेशन (ग्राम मांद, अंजनिया, जिला मंडला– 4 अक्टूबर 2025) को ऐतिहासिक बनाने के लिए समाजजन बड़ी संख्या में पहुँचेंगे।

## चोरी की 04 मोटरसाइकिल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नैनपुर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बम्हनी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से करीब 1.85 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की है।

थाना बम्हनी में दर्ज प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर संदिग्धो को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में संदिग्धो ने चोरी की वारदात को स्वीकार किया, संदिग्धों के बताए अनुसार रात्रि के समय मास्टर चाबी का उपयोग कर गलियों से मोटरसाइकिल चुराई गई।जिसके बाद उनके कब्जे से चार मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

गिरफ्तार आरोपी में दुर्गेश कुमार डेहरिया पिता गुलाब डेहरिया उम्र 22 वर्ष नि0 ग्राम छछारी चौकी टाटरी जिला मंडला। निलेश उर्फ भोलू यादव पिता दीपचंद्र यादव उम्र 19 वर्ष नि0 बड़ी खैरी मंडला, जप्त मोटर साइकिल, हीरो एचएफ डीलक्स MP-20-NP-6765, हीरो एचएफ डीलक्स MP-20-NM-8531, हीरो स्प्लेंडर प्लस MP-51-MC-4082, हीरो स्प्लेंडर MP-51-ME-1036, गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण प्रताप सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक मानिक पटले, सहायक उपनिरीक्षक झनकार सिंह मर्सकोले, आरक्षक शिवराम बघेल, उमराव, महिला आरक्षक जयश्री एवं चालक नवीन की सराहनीय भूमिका रही।

**प्रतियोगिता** | **स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग का फाइनल आज।**

# नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब और नर्मदा वैली के बीच खिताबी मुकाबला

*** स्टेडियम ग्राउंड में दोपहर 3 बजे होगा मुकाबला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंगलवार को स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग का खिताबी मुकाबला नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब मंडला और नर्मदा वैली, मोहगांव के बीच खेला जायेगा। सोमवार को स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग के दोनों सेमीफइनल मैच खेले गए। पहला मैच नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब और खैरी स्टार के बीच खेला गया जबकि दूसरा सेमीफइनल मैच नर्मदा वैली मोहगांव व झंडा टोला के बीच खेला गया। पहले मैच में नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब ने खैरी स्टार को एक के मुकाबले 3 गोल से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से प्रथम चोसके ने दो व अमित ने एक गोल किया। खैरी स्टार की तरफ से हिमांशु ही गोल करने में कामयाब हो सकें।



दूसरे सेमीफाइनल मैच में नर्मदा वैली मोहगांव ने झंडा टोला को एक के मुकाबले दो गोल से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। नर्मदा वैली की तरफ से नागेश्वर व रोहित ने एक गोल किया। झंडा टोला की तरफ से एक मात्र गोल अखिलेश ने किया।

सेमीफाइनल मैच के दौरान जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष व पार्षद हाजी मोहम्मद गनी खान, मतीन खान, हाजी मोहम्मद जावेद खान, समीर बाजपाई, राजेंद्र सिंगौर पंचू, पंकज उसराठे, बिलाल अहमद, मुजबी हसन, प्रथम चौकसे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता का फाइनल मंगलवार की दोपहर 3 बजे नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब मंडला और नर्मदा वैली, मोहगांव के बीच खेला जायेगा। प्रतियोगिता का समापन समारोह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व मंडला लोक सभा क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की अध्यक्षता व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न होगा। प्रतियोगिता के आयोजक बिलाल अहमद ने सभी खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करें।

## समाजवादी पार्टी की बैठक में लिए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



रविवार को समाजवादी पार्टी की जिला बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जबलपुर दिनेशचंद यादव, प्रदेश सचिव एवं सहप्रभारी जबलपुर मो. इकबाल अंसारी अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जबलपुर मो. हारिन पहलवान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित तिवारी, जिला महामंत्री जबलपुर नरेन्द्र कुमार राकेसिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में मंडला जिला ईकाई को मजबूत करने विषय सहित अन्य सामाजिक मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष वसीम खान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार बैठक आदि की जा रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय नेतृत्व से मिले दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है इस दौरान जिला अध्यक्ष ने उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेशचंद यादव ने कहा कि समाज के हर वर्ग को सरकारी योजनाओं को लाभ मिलना चाहिए साथ ही विकास कार्यो में जिस तरह से मंडला जिले में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसकी निंदा की गई उन्होंने कहा कि मंडला जिले में हर एक दो माह में कर्मचारी अधिकारी रिश्वत लेते पकड़ा रहे हैं। जो यह प्रमाणित करता है कि यहां पर सरकारी धन की जमकर होली खेली जा रही हैं उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की पोल खोलेगी। इस दौरान नवीन पदों का गठन भी किया जिसमें मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष पद में श्याम लाल झारिया, अनुसूचित जनजाती प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पद में हुकूम शाह मरावी, अनुसूचित जनजाती प्रकोष्ठ जिला महामंत्री पद में रामसिंह परस्ते, महिला प्रकोष्ठ बिछिया ब्लॉक अध्यक्ष पद में रामदुलारी धुर्वे, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष पद में मो असलम नूरी एवं नगर अध्यक्ष के पद में बादल यादव को नियुक्ति किया गया है। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया है। इस दौरान अब्दुल कयूम अंसारी, शंकर यादव, सुदामा पटैल, दीपक यादव, मनुवर अली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी में शुरू हुआ हिंदी पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ, आयोजित किये जावेंगे अनेक कार्यक्रम




**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** समीपस्थ स्थित एनटीपीसी में इस वर्ष भी हिन्दी पखवाड़ा मनाये जाने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़ा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 14 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आयोजित होगा। इन दिनों में विभिन्न प्रतियोगिताएँ और गतिविधियाँ आयोजित कर कर्मचारियों और परिवारजनों को हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। बताया जाता है कि हिंदी पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ बीते 15 सितम्बर सोमवार को परियोजना परिसर में हुआ। इस अवसर पर श्याम कुमार परियोजना प्रमुख एनटीपीसी गाडरवारा ने महा प्रबंधकगण, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हिंदी को कार्य और संवाद की भाषा बनाने की शपथ दिलाई। अपने संदेश म श्याम कुमार परियोजना प्रमुख ने कहा कि हिंदी भाषा केवल मातृभाषा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक पहचान की प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी को अधिक से अधिक अपनाएँ और राजभाषा नीति को सफल बनाने में सहयोग दें। इस अवसर पर कर्मचारियों, उनके परिजनों, स्कूली बच्चों तथा सहयोगी एजेंसियों के लिए निबंध लेखन, विचार प्रस्तुति, हास्य कवि सम्मेलन, कविता-पाठ और गीत गायन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी तय किया गया है।

## शासकीय विद्यालय सिहोरा में हुआ निःशुल्क साईकिलों का वितरण



**हरिभूमिन्यूज/सिहोरा/बोहानी।** शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा अनेक प्रकार की जन हितैषी योजनाये चलाते हुये उन्हें पढ़ाई में मदद पहुंचाई जा रही है। देखा जावे तो प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को भोजन से लेकर ड्रेस, पुस्तक सहित अब आने जाने के लिये साईकिले तक प्रदान की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में योजना में पात्र 18 साइकिलो का वितरण किया गया। इस प्रकार खिरिया, दुधवारा, बुधवारा, गहरा टोला के छात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में छठवीं क्लास के 10 छात्रों व 8 छात्राओं को साइकिले प्रदान की गई। इस मौके पर कार्यकम में वरिष्ठ नेता सुदर्शन पेठिया, यशवंत नगपुरिया, उपसरपंच हर्षित जैन सोनू के आलवा संस्था के प्राचार्य अल्फ्रेड उईके, सतीश कौरव, गोविंद सिंह चंदोलिया, सन्ना खान, उमाशंकर शर्मा, आविद खान, मोनिका पटेल सहित अनेक ग्रामीण व स्कूली बच्चें मौजूद थें।

## बकरी बांधने की बात को लेकर चोट पहुंचाई

**सांईखेड़ा।** नगर के पुलिस थाने से मली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम उड़नी पिपरिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके घर के सामने रमेश बंशकार का मकान है। बीते हुये दिवस जब प्रार्थी ने अपनी बकरियों को खुद के घर के सामने बंधी गई थी। इसी बात को लेकर रमेश बंशकार द्वारा प्रार्थी की बकरियों को छोड़कर भगा दिया गया। जब प्रार्थी द्वारा बकरी छोटने पर इतराज जताया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हयु पत्थर उठाकर फेक कर मारा जो प्रार्थी के बेटे दिनेश रजक को लगने से चोटे पहुंचाई।

कृषि विभाग द्वारा उचित जानकारी नहीं मिल पाने से खेत को लाभ का धंधा बनाने पर लग रहा ग्रहण...?

# खेतों में खड़ी हुई धान फसल में लगातार बढ़ रहे कीट प्रकोप से परेशान किसान बचाव को लेकर हो रहे परेशान







**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

कहने के लिये तो केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को अनेक प्रकार की योजनायों के नाम गिनाते हुये सहायता पहुंचाने की बात कही जाती है।मगर जब किसानों को अपने खेती के लिये जिस जरूरी सामग्री की आवश्यकता होती है। मगर वह नही मिल पाती है। वही दूसरी ओर किसानों को उचित कृषि संबंधी सालह देने के लिये कृषि विभाग तो बना हुआ है। क्योंकि विभाग से जुडे अखिकारी खोजने से भी दर्शन देना उचित नही समझे है जिसके चलते खेती का धंधा करना मुश्किल होने से नही चूक रहा है..? इस समय देखा जावे तो जहां क्षेत्र का अन्न देता आने वाले दिनों में अपने खेतों में बोनी करने के लिये तैयारी मे जुटा हुआ है। मगर खाद को लेकर परेशान होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर इस दिनों किसानोंके खेतों में खड़ी हुई धान सहित गन्ना फसल में जिस तरह अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैल रही है मगर शासन प्रशासन द्वारा उन बीमारियों से बचाव को लेकर किसी भी प्रकार की शासन द्वारा मदद मिलते हुये दिखाई नही दे रही है..? इस तरह लगातार कुछ वर्षो से प्रकृति मार अन्नदाताओं के ऊपर इस तरह पड़ रही हे कि वह उससे उभर ही नही पा रहा है। क्योंकि इस वर्ष जिस प्रकार इन्द्रदेव द्वारा कृपा करते हुये बारिश के रूप में जो आर्शीवाद प्रदान किया गया था उसके चलते निश्चित ही क्षेत्र के किसानों में काफी हद तक यह उम्मीद जाग गई थी कि शायद इस बार उनकी किस्मत साथ दे देगी और वह परेशानियों से उभर जावेगे। मगर लगातार हुई बारिश के चलते जहां किसानों के खेतों में लगाई हुई उडद तथा सोयाबीन फसल प्रभावित होने से नही बच पाई है तो दूसरी ओर हालत यह देखे जा रहे है कि खेतों में खड़ी हुई धान सहित गन्ना फसल में फुंदीनुमा कीट व इल्ली दिखाई देने से किसानों के चेहरों पर फिर चिंता के बादल मडराते हुये साफ दिखाई देने लगी है। क्योंकि किसानों के मन मुताबिक बारिश होने के चलते निश्चित ही किसानों के खेतों में लहलहाती हुई धान से निकलने वाली खुशबू किसानों के चेहरों पर खुशी का इजहार करने में कोई कसर नही छोड़ रही थी। मगर पता नही कि आखिरकार किसानों के चेहरों पर दिखाई देने वाले खुशी को कौन सा ग्रहण लगा हुआ है जिसके चलते हर वर्ष अचानक किसानों के ऊपर इस प्रकार का मार पड़ते हुये देखी जाती है कि उनके खेतों में तैयार होने के नजदीक पहुंचने वाली फसल बर्बाद होने लगती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस वर्ष धान व गन्ना की फसल को देखते हुये भी जान पड़ रहा है..? क्योंकि लम्बे अंतराल के बाद यह पहला वर्ष देखने मिल रहा था कि किसानों द्वारा अपनी धान व गन्ना फसल को बचाने के लिये नलकूपों के पानी का कम ही उपयोग करने की जरूरत महसूस की गई हो? क्योंकि बीते हुये कई वर्षो बाद धान व गन्ना की फसल हेतु इस वर्ष अच्छी बारिश से निश्चित ही जहां धान व गन्ना की खेती करने वाले किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी गई थी जिसके चलते पर्याप्त मात्रा में बारिश होने के कारण किसानों के खेतों में धान व गन्ना की फसल जोरदार स्थिति में पहुंचने के बाद अब वह अंतिम स्थिति की ओर पहुंचने वाली ही थी कि मगर अचानक फसल में जिस प्रकार से फंदी व इल्लीनुमा रोक लगाते हुये देखा जा रहा है उसके चलते खेतों में खड़ी हुई किसानों की फसल बर्बाद होने से नही चूक पा रही है? शायद क्षेत्र के किसानों के सामने भी ऐसा पहला मौका होगा जब धान की फसल में उनके द्वारा इस प्रकार से इल्ली लगते हुये देखा जा रहा है? इस प्रकार से इल्लीनुमा पैदा हो रही कीट वाली बीमारी का सही नाम तो पता नही चल पा रहा है। मगर कुछ लोग इसे फाल आर्मी वर्म कीट का नाम देते हुये देखे जा रहे है..? इस प्रकार किसानों की धान गन्ना फसल को इस कीट द्वारा जिस प्रकार से बर्बाद करने के साथ साथ उसकी पैदा बढ़ते हुये देखी जा रही है उसके चलते किसानों द्वारा अपनी फसल को बचाना मुश्किल हो गया है? इस प्रकार से किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसल जिस प्रकार से बर्बाद होते हुये देखी जा रही है उस ओर न तो प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिसके चलते लगातार बढ़ रहे इस कीट से अपनी धान फसल को बचाने के लिये क्षेत्र का किसान कीट नाशक दुकानों की अंदाज के आधार पर कीट नाशक दबाईयाँ खरीदने के बाद उनका छिड़काब करते हुये देखा जा रहा है। मगर इसके बाद भी इस कीट की बढ़ती हुई पैदावार पर अंकुश नही लगने के कारण किसानों को आर्थिक बोझ सहन करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है? जबकि नियम अनुसार सरकार द्वारा किसानों को फसलों में लगने वाली कीटों के बचाव के लिये कृषि विभाग की स्थापना की गई जिसमें तैनात अधिकारियों द्वारा किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें कीटों से अपनी फसलों को बचाने के लिये उचित सलाह देना चाहिये। मगर कृषि विभाग इस समय जिस प्रकार से अपनी कुंभकर्णी निद्रा में देखा जा रहा है उससे किसानों को किसी भी प्रकार का कोई लाभ मिलते हुये दिखाई नही पड़ पा रहा है और उनकी धान फसल लगातार बर्बादी की कगार पर पहुंचने से नही चूक पा रही है? इस प्रकार से यदि किसानों की सच्चाई पर देखा जावे तो क्षेत्र के अनेक किसानों द्वारा अपने अधिकतर रकवे में धान फसल को इस सोच के साथ लगाया गया था कि धान व गन्ना फसल सबसे सुरक्षित रहती है जिसके चलते बीते हुये कुछ वर्षो से लगातार प्रकृति की मार झेलते हुये किसान इस वर्ष गन्ना व धान फसल के माध्यम से अपनी स्थिति सुधारने में सफल होते हुये उसी जमीन पर बोनस के रूप में दूसरी फसल पैदा करने लगे। मगर किसानों की इस सोच को अचानक धान व गन्ना फसल में पैदा हुई इल्लीनुमा कीट व फुंदी ने ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

## गाडरवारा सहित चीचली, साईखेड़ा सहित डोगरगांव पुलिस ने अपने क्षेत्र में जप्त की गई अवैध शराब



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये द्वारा चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा समीपस्थ ग्राम उकासघाट में वही के निवासी लाल सिंह पिता दमोदर जाटव उम्र 30 साल को अवैध रूप से 40 पाव देशी मसाला तथा 10 पाव देशी प्लेन कुल मलाकर 50 शराब रखे हुये पकड़कर आरोपी के पास से शराब जप्त की गई।इसी प्रकार से नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में अनिल पिता जीवन ठाकुर निवासी शास्त्री वार्ड के पास से 4 लीटर कच्ची व हनुमान वार्ड में बल्ले उर्फ राजेश पिता फऊचंद राय निवासी पुराना स्टेन्ड के पास से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ डोगरगाांव पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोगराखोह में वही के निवासी रंजीत पिता कन्छेदी लाल कौरव के पास से 5 लीटर कच्ची महुंआ की शराब तथा सरदार पिता मंगल सिंह ठाकुर के पास से भी 5 लीटर तथा सीतारेवा नदी पुल के पास अपनी मोटर साईकिल क्र **MH** 46 **X** 5093 से शराब लेकर जाते हुये पकड़कर जब युवक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम पवन पिता लखन कहार निवासी ग्राम घुरपुर बताया गया। आरोपी के पास से 3 लीटर मसाला व 9 लीटर देशी शराब जप्त की गई। वही समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी अपने क्षेत्र के ग्राम धनौरा में वही के निवासी रामदास पिता हर चरन अहिरवार के पास से 17 पाव देशी, ग्राम रम्पुरा तिरहा के पास उत्तम सिंह पिता केहर सिंह राजपूत निवासी ग्राम पीपरपानी के पास से 18 पाव देशी तथा सांईखेड़ा तिरहा के पास ग्राम खिरैटी निवासी बंसत पिता कारेलाल सिरसाम के पास से 16 पाव शराब अवैध रूप से रखे हुये पकड़कर आरोपियों के पास से शराब जप्त करते हुये धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार व बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन केन्द्रो का हुआ निर्धारण, 10 अक्टूबर से शुरू होगा पंजीयन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मप्र राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है। समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में उपार्जन के लिए ई- उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित पात्र सहकारी समितियों (विगत दो खरीफ एवं रबी उपार्जन वर्ष की खरीदी मात्र एवं स्वीकृत मात्रा में 0.50 प्रतिशत तक का अंतर) के पंजीयन कार्य के लिए सहायक आयुक्त सहकारिता एवं महा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से समितियों के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव एवं अनुशंसा तथा पंजीयन केन्द्र के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा उपरांत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है। जारी आदेश के अनुसार गाडरवारा तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी, समिति कार्यालय सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवाड़ा, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था महगवां खुर्द, समिति



कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था चीचली, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था बाबई कला, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था पचामा, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था बसुरिया, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति खेरूआ, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बोहानी, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिरिया, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित इमझिरी, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था कौड़िया, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सिहोरा, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति सहावन, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति मर्यादित डुगरिया, समिति कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सूरना और समिति कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर गाडरवारा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार से सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था खुर्सीपार, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था रमपुरा, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था बनवारी, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा और समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सासबहू को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। कलेक्टर ने किसान पंजीयन कार्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण संबंधित प्राप्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए उक्त समितियां किसान पंजीयन का कार्य सम्पादित करेंगे। किसानों का पंजीयन कार्य उपरोक्त पंजीयन केन्द्रों के अतिरिक्त अनुमोदित ग्राम पंचायत कार्यालयों, जनपद पंचायत कार्यालयों व तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्रों में भी निःशुल्क किया जावेगा।

## नवरात्र के दौरान जरूरी व्यवस्थायें बनाने की मांग करते हुये माई की महा पंचायत समिति द्वारा सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**




**नवरात्र के दौरान देखा जाता है कि नगर में स्थापित होने वाली समितियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाता है। इसी बात को लेकर नगर की दुर्गा समितियों द्वारा एकत्र होते हुये माई की महापंचायत समिति का गठन किया गया है। इस समिति द्वारा नवरात्र के पूर्व अपनी जरूरी मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौपा गया।**

बताया जाता है कि सौपे गये इस ज्ञापन में मांग की गई है कि दुर्गा उत्सव समिति पंडाल के पास रास्तों में जहां अंधेरा रहता है वहां लाईट लगाये जावे। वही नवरात्रि के पर्व से लेकर दशहरा तक शहर के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मांस, मछली और अंडे की दुकान बंद कराई जावे। वही पंडालों के आसपास सुबह शाम साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जावे तथा पंचमी से लेकर अष्टमी तक ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं को अपने वाहनों की पार्किंग के लिये निर्धारित जगह की व्यवस्था की जावे। वही दूसरी ओर जब देवी दर्शनों के लिये भीड़ सड़को पर निकलती है उस दौरान पंचमी से लेकर आखरी तक शहर में रात 8 बजे से भीड कमने तक सभी प्रकार के दो पहिया व चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जावे। इसके अलावा हर साल देखा जाता है कि भीड़ के बीच कुछ तत्वों द्वारा पुंगी गैग के रूप में सक्रिया होकर विशेष तौर महिलाओं के कानों के पास तेज आवाज में पुंगी बजाते हुये परेशान किया जाता है उन पर विशेष निगरानी रखी जावे। वही नवरात्र उत्सव के दौरान बिजली कटौती न हो इसके चलते पहले से ही लाईनों को सुधार किया जावे। वही शहर में अनेक जगहों पर बिजली लाईने झोला झूलते हुये नजर आ रही है उनमें सुधार किया जावे। वही दूसरी ओर नगर में जहां तहां लगाये जाने वाले बैरिकेट्स को दुर्गा उत्सव समिति से सामंजस्य बनाकर ही स्थापित किए जावे। इस प्रकार से अन्य मांगों सहित ज्ञापन सौपा गया।

## माँ नर्मदाजी के लिंगा घाट कुटी पर शुरू हुआ श्रीमद्भागवत कथा का अयोजन



**हरिभूमि न्यूज/भौरझिर।**

चल रहे पितृ पक्ष के असवर पर लगातार धार्मिक आयोजन होते हुये देखे जा रहे है। इसी क्रम में समीपस्थ ग्राम लिंगा खुर्द माँ नर्मदाजी के पावन तट पर स्थित कुटी पर बीते हुये सोमवार को भौरझिर निवासी पचौरी, मरैया तथा डीडे तथा ममार परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को शुभारंभ माँ नर्मदाजी के तट से कलश यात्रा निकालते हुये किया गया। वही कथा वाचक के रूप में वृंदावन धाम से पधार हुये संत के मुखारबिंद से भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाया जावेगा।

## पक्षी के खूबसूरत आशियाने मोह रहे मन



**हरिभूमि न्यूज/ कल्याणपुर।** मनुष्य खुद के परिश्रम, साधनों से मकान तैयार करता है पर ईश्वर ने पक्षियों को अपने आशियानो के निर्माण का जो कौशल दिया है, वह निराला है। वर्तमान में क्षेत्र के पेड़ो की डालियों पर बया पक्षी के घोसले लटके नजर आ रहे है, अचंभे की बात है कि हवा चलने के बाद भी ये टूट नही रहे है, इनकी बुनावट जाहिर कर रही है कि पक्षी भी आशियाने बनाने में होशियार होते है।

# गाडरवारा में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कर भक्त हो रहे भावविभोर




**गाडरवारा**

माहेश्वरी भवन सरस्वती स्कूल के पास गाडरवारा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 13 से 19 सितम्बर तक दोपहर 01 बजे से किया जा रहा है। कथा व्यास पंचनिर्मोही पीठाधीश्वर राधेय महाराज हैं, जो श्रीमद भागवत कथा के महत्वपूर्ण तथ्यों से भक्तों को अवगत करा रहे हैं। आयोजक शुभम पटेल ने बताया कि पूज्य पिता स्व. रमेश कुमार पटेल, के पितृपक्ष हितार्थ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भक्तिमय आयोजन किया गया है। श्रीमद् भागवत महापुराण पूजन एवं पूर्णाहुति 20 सितम्बर को होगी।

प्रसादी व श्राद्ध 21 सितम्बर रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित हैं। आयोजन में उपस्थिति का आग्रह पुत्र शुभम पटेल, भतीजे प्रीतेष, आदित्य सिंह पटेल सहित श्रवण कुमार पटेल, राजेन्द्र कुमार पटेल एवं पटेल परिवार गाडरवारा ने किया है।

वार्ड के लोगों द्वारा नगर पालिका प्रशासन से गुहार लगाई

# नालियों निकला हुआ कचरा नहीं उठाये जाने के चलते परेशान हो रहे लोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**




नगर के वार्डो में नगर पालिका द्वारा सफाई अभियान तो चलाया जाता है। मगर जिस तरह नालियों से निकलने वाले कचरे को सड़को पर छोड़ दिये जाने के चलते आगे पाठ पीछे सपाठ की स्थिति बनने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर एक एक सप्ताह तक इस कचरे को नही हटाये जाने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है। इस बात की सच्चाई इस समय नगर के महाराणा वार्ड टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे वाली लाईन में देखने मिल रही है। यहां पर वार्ड के लोगों द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि लगभग 9 दिन पहले नगर पालिका सफाई विभाग की टीम द्वारा यहां पर नालियों को साफ किया गया था। इस सफाई अभियान के दौरान नालियों से निकाला गया कचरा सड़क पर डाल देने के बाद उसे उठाया नही किया। इस स्थिति में यह कचरा वाहन निकलने के दौरान जहां सड़को पर फैल रहा है तो दूसरी ओर वापिस नालियों में पहुंचते हुये देखा जा रहा है। इस प्रकार से यहां पर बीते हुये एक सप्ताह से भी अधिक समय से डले हुये कचरे के चलते जहां आसपास रहने वाले लोगों को गंदगी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर नालियों की सफाई का औचित्य ही समाप्त होने से नही चूक रहा है। वार्ड के लोगों द्वारा नगर पालिका प्रशासन से गुहार लगाई है कि नालियों से निकलने वाले कचरें को समय पर उठाया जावे।

## डंडा से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस माता वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा भाई ब्रजेश जाटव को मुहल्ले के अनिल जाटव द्वारा धक्का देकर गिरा दिया गया।

## खराब फसलों का सर्वे कार्य प्रारंभ करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कहा कि जिले मे अतिवृष्टि एवं किसी रोग से खराब हुई फसलों के सर्वे का कार्य प्रारंभ करें। जिससे प्रभावित किसानों को खराब हुई फसलों की क्षतिपूर्ति राशि देने की कार्यवाही की जा सके।इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरतें । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,ज्वाइंट कलेक्टर रीता डहेरिया, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग,एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने सेवा सहकारी समिति पाली का किया निरीक्षण

**उमरिया।** एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने सेवा सहकारी मर्यादित समिति पाली का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि समिति में 27 बोरी यूरिया और 82 बोरी एनपीके उपलब्ध है। अनुपलब्धता संबंधित कोई समस्या नही पाई गई।निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को खाद प्राप्त करने में कोई भी समस्या न हो।

## चचाई पुलिस ने धार्मिक उन्माद फैलाने वाले को किया गिरफ्तार

**चचाई।** 15 सिंतबर को विश्व हिंदू परिषद जिला अनूपपुर के कार्यकर्ता भूपेंद्र सिंह बघेल के द्वारा थाना चचाई में अनावेदक माखन चौधरी निवासी कैल्हौरी के विरूद्ध सोशल मीडिया में लगातार हिंदू सनातन धर्म के आराध्य देवी देवताओं के विरूद्ध अपनी फेसबुक आईडी में हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ लगातार अभद्र टिप्पणी करने के संबंध में लिखित आवेदन पत्र दिया जिस पर मौके से शिकायत की जांच किया जाकर आने वाले हिन्दू पर्व नव दुर्गा में कोई कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित न होने पाये अनावेदक माखन चौधरी पिता रामनिवास चौधरी उम्र 39 साल निवासी कैल्हौरी थाना चचाई को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदक के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 20/25 धारा 170 बीएनएसएस, व 830/25 धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कायमी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से अनावेदक को जिला जेल भेजा गया।

## 26 सितंबर को एक दिवसीय रोजगार मेला

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी अमन कुमार दुबे ने बताया कि 19 सितंबर को आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेला अपरिहार्यकारणों से स्थगित कर दिया गया है, उसके स्थान पर अब 26 सितंबर को सामुदायिक भवन उमरिया में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 सितंबर से नवदुर्गा स्थापना, 2 अक्टूबर को विजयादशमी तथा 20 अक्टूबर को दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा। इस संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 16 सितंबर को दोपहर 1 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

## समाजसेवी शिवांश सिंह राजपूत हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** राष्ट्रीय राजमार्ग हाइवे रोड़ में एक्सीडेंट से लोगो को बचाने के लिए लगातार सक्रिय रहने वाले समाजसेवी शिवांश सिंह राजपूत बदरा निवासी को रविवार को जिला के यातायात प्रभारी विनोद दुबे द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के अन्य लोगों को भी ऐसे नेक कार्यों से जोड़ने के लिए प्रेरित करेगा। जिले के यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने कहा कि शिवांश सिंह के द्वारा लगातार सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद की जा रही है ।

**अपर कलेक्टर जी.पी. यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई**

# समय-सीमा बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**डिंडोरी।**

अपर कलेक्टर जी.पी. यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, जनहित से जुड़ी समस्याओं और शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक की शुरुआत में टीएल प्रकरणों तथा अवैध खनिज भंडारण और परिवहन पर की गई कार्यवाहियों की जानकारी ली गई। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



सीएम हेल्पलाइन से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ये शिकायतें आम जनता से सीधे जुड़ी होती हैं, इसलिए 20 सितंबर तक कम से कम 85 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण हर हाल में किया जाए।

राजस्व विभाग के बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण और नक्शा संबंधी लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अतिवृष्टि एवं बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत राशि के त्वरित वितरण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। अपर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सर्वदंश (साँप व बिच्छू के काटने) से बचाव और त्वरित उपचार पर चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में ज न जा ग रू क ता अभियान चलाने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।रबी सीजन के दृष्टिगत उर्वरक की उपलब्धता, भंडारण और वितरण पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों से कहा गया कि किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

इसके अलावा वनाधिकार पट्टा वितरण, पेंशन प्रकरणों, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। सभी विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।बैठक में शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, डिंडोरी एसडीएम भारती मेरावी, बजाग एसडीएम रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सेवा पखवाड़ा अभियान के संबंध में ली बैठक

**डिंडौरी ।**

जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने वरिष्ठ नागरिकों एवं समाजसेवियों की बैठक लेकर तैयारियों के संबंध चर्चा की और अभियान में शामिल हो इसे सफल बनाने की अपील की। बैठक में उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुँचाना है। इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पखवाड़े के अंतर्गत युवाओं को जोड़ने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। विभाग के माध्यम से खेलकूद प्रतियोगिताएँ, योग एवं फिटनेस गतिविधियाँ तथा युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे युवाओं में जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हो सके। कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यक्रमों की अग्रिम रूप से रूपरेखा तैयार कर सुनिश्चित क्रियान्वयन करें।



## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई डीएलसीसी की बैठक



**डिंडौरी ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक अपर कलेक्टर जे.पी. यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंक अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें। अपर कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि कृषि में वृद्धि हेतु किसानों को केसीसी ऋण प्रदाय की कार्यवाही की जाए, जिससे उन्नत कृषि, कृषि उपकरण, खाद एवं बीज उपलब्ध कराकर किसानों की वार्षिक आय बढ़ाई जा सके। ग्रामीण बैंकों की समीक्षा करते हुए उन्होंने उनके वार्षिक लक्ष्य उपलब्धि एवं प्राप्त बजट में कमी पर चिंता व्यक्त की और उच्चाधिकारियों को पत्र जारी करने के निर्देश एलडीएम को दिए।

# अंतिम छोर के किसानों को लाभान्वित करने 'कृषक भाईचारा अभियान' हुआ शुरू



**डिंडौरी ।**

बजाग क्षेत्र के छोटे तबके के किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन के नेतृत्व में 'कृषक भाईचारा अभियान, एक अनूठी पहल' प्रारंभ की गई है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

इसमें राजस्व, कृषि, पंचायत, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की टीमें गांव-गांव पहुंचकर संयुक्त कृषक एवं आमजन संवाद शिविर आयोजित कर रही हैं। अब तक 132 ग्रामों में टीम पहुंच चुकी है। अभियान अंतर्गत बघरेली खुर्द, सुंहादादर सहित अन्य ग्रामों में टीम पहुंचकर किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

# सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जांच में प्राथमिक स्कूलों का निरीक्षण

**गोरखपुर (करंजिया)।** जिले में एसडीएम बेजाग रामबाबू देवांगन के निर्देशानुसार हल्का पटवारी अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित शासकीय योजनाओं की निगरानी हेतु शासकीय स्कूलों, छात्रावासों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में हल्का पटवारी रितेश कुलेश ने जनपद करंजिया अंतर्गत ग्राम गोरखपुर स्थित बस स्टैंड के समीप प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कन्या प्राथमिक शाला में 29 एवं बालक प्राथमिक शाला में 30 छात्र-छात्राएं उपस्थित पाए गए। मध्यान्ह भोजन योजना के तहत निर्धारित मीनू अनुसार भोजन उपलब्ध पाया गया। विद्यालय के शौचालय भी सुचारू रूप से संचालित मिलें।



हालांकि, निरीक्षण के दौरान रितेश कुलेश ने स्कूल परिसर की कुछ अव्यवस्थाओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय का किचन शेड एवं हैंडवॉश यूनिट काफी जर्जर अवस्था में हैं और इन्हें शीघ्र मरम्मत की आवश्यकता है। साथ ही मुख्य प्रवेश द्वार भी जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पाया गया, जिसके नवीनीकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट भेजने की बात कही गई।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने बच्चों के लिए खेल मैदान को समतलीकरण कर मुरम डालने की आवश्यकता जताई, जिससे विद्यार्थियों को खेल-कूद के लिए उपयुक्त वातावरण मिल सके। शिक्षा की गुणवत्ता जांचने के उद्देश्य से श्री कुलेश ने बच्चों से किताबें पढ़वाईं एवं मौखिक रूप से प्रश्न पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर का भी आकलन किया।

# आदिवासी छात्र, छात्राएं छत के नीचे पन्नी बांधकर शिक्षा ग्रहण करने मजबूर

**अमरपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम चटिया रैयत जहां एक प्राथमिक शाला संचालित हैं। जहां पर एक शिक्षक पदस्थ हैं। और 29 आदिवासी छात्र अध्यनरत हैं। परंतु शाला भवन की स्थिति दैनीय हो गई हैं। दोनों कक्षों में छत से पानी का रिसाव होता हैं। जहां पर छात्र, छात्राएं बैठ भी नहीं पाते तब शिक्षक ने कक्ष के अंदर पन्नी लगाकर कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। छत को प्लास्टर गिर रहा हैं। परंतु पन्नी लगे होने से किसी छात्र या शिक्षक पर नहीं गिरा फिर भी दहशत में छात्र शिक्षा ग्रहण करने पर मजबूर हो रहे हैं। वहीं पर बगल में एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया गया हैं। जिसका अभी तक उपयोग ही नहीं किया गया। कारण कि उक्त कक्ष की बीम टूट गई और छत नीचे की ओर झुक गया। जिस अतिरिक्त कक्ष का बगैर उपयोग के ही क्षतिग्रस्त हो गया। जोकि जमींदोज करने की स्थिति में पहुंच चुका हैं। इस प्रकार शासन के शिक्षा व्यवस्था चल रही हैं। शायद ग्रामीण क्षेत्र को शासन के कारिंदे अपना आय का जरिया मान रहे हैं। पूरे ब्लॉक भर में भवन निर्माण के कार्यों में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं या फिर यह कहें कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं।





# गूजर नाला रोड पर फिर हादसा

**स्कूली बच्चों समेत राहगीरों की जान पर खतरा**

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जिले का आमडांड गूजर नाला रोड, जो अनूपपुर वेंकट नगर को मरवाही पेंड्रा से जोड़ता है, प्रशासन की लापरवाही का उदाहरण बन चुका है। अधूरे पुल और खराब सड़क के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। सोमवार की सुबह 7 बजे कोतमा निवासी चांदनी सिंह (25 वर्ष) कोतमा से गौरेल जाते समय दुर्घटना का शिकार हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, इस स्थान पर पहले भी कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

### दो साल से अधूरा काम

करीब 4.30 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य दो वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। मात्र 2 किलोमीटर सड़क बनाई गई और जहां पुल लगना था, वहां खाली छोड़ दी गई। शेष 2 किलोमीटर सड़क अब तक अधूरी है। जो हिस्सा बना है, वह भी अब खराब होकर चलने योग्य नहीं बचा है। इस मार्ग से रोजाना स्कूली विद्यार्थी पैदल और साइकिल से स्कूल आते-जाते हैं। पुल न होने के कारण उन्हें नाले को पार करना पड़ता है। बरसात के दिनों में जब पानी का बहाव तेज होता है, तब बच्चों को स्कूल भेजना अभिभावकों के लिए किसी डर से कम नहीं होता। ग्रामीणों का कहना है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### ग्रामीणों ने उठाई आवाज

ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों और कलेक्टर को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक न तो पुल का निर्माण हुआ और न सड़क पूरी की गई। ग्रामीणों का आरोप है दो साल से हम सिर्फ आश्वासन सुन रहे हैं, लेकिन काम आज तक पूरा नहीं हुआ। हर दिन जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरना पड़ता है। "सबसे ज्यादा खतरा मासूम बच्चों और दुपहिया चालकों को है। ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से तत्काल अधूरा पुल और सड़क का निर्माण पूर्ण कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर शीघ्र कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# खाद गोदाम में व्यवस्थित ढंग से किसानों को मिल रही यूरिया

किसानों के लिए राहत की खबर है। मानपुर खाद गोदाम में अब यूरिया का वितरण पूरी तरह व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा है। पहले जहां खाद की कमी और लंबी लाइनों से किसान परेशान रहते थे, वहीं अब उन्हें बिना किसी हंगामे के आसानी से आवश्यक खाद मिल रही है।

**मानपुर।**

इस व्यवस्था को बेहतर बनाने में एसडीओ एम.के. दुबे, एसडीएम टी.आर. नाग, तहसीलदार पंकज नयन तिवारी और पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल रही है। गोदाम में सख्त निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी तरह की अनियमितता न हो और हर किसान को उसका हक मिले। स्थानीय किसानों अजय गुप्ता, बबलू यादव, रामविनोद उपाध्याय, दादूराम बैगा, राजन पटेल, अजय पटेल, सुदर्शन देवरी और बाबू साहू ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि पहले खाद की कमी से खेती प्रभावित होती थी, लेकिन अब समय पर उपलब्धता से न केवल फसलों की देखभाल आसान हुई है बल्कि खर्च भी कम हो गया है। खाद गोदाम प्रभारी एम.के. दुबे ने बताया कि इस बार किसानों की भीड़ और आपूर्ति की समस्या को हल करने के लिए ठोस योजना बनाई गई है। नियमित रूप से खाद उपलब्ध कराई जा रही है ताकि कोई भी किसान बिना खाद लिए न लौटे। इसी बीच सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों का प्रशासन ने खंडन किया है। तहसीलदार द्वारा खाद-बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी दुकानों पर रेट लिस्ट लगी हुई पाई गई और मानक स्तर की दवाइयाँ उचित दाम पर बिकती मिलीं।



## खबर संक्षेप

### समय सीमा की बैठक सम्पन्न



**नरसिंहपुर।** सोमवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने मिशन कर्मयोगी पर सीखें सप्ताह, टीएल पत्रों, सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

### अरविंद पटेल का निधन



**नरसिंहपुर।** ग्राम मैनावारी के प्रतिष्ठित पटेल परिवार के अरविंद उर्फ गिल्लू पटेल का करीब 55 वर्ष की आयु में अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। वे स्व.श्री भीम सिंह पटेल के पुत्र एवं नरेंद्र - बल्लू पटेल के अनुज एवं अभिषेक लकी पटेल के काकाश्री थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम मैनाबारी में किया गया।

### 51 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला तलापार में जिला अस्पताल शहरी मेडिकल टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 51 बच्चों की सम्पूर्ण स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में डॉ. अमित सोनी व डॉ. गौरीष सोनी ने बच्चों को स्वच्छता, निरोग जीवनशैली एवं स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। इस दौरान शिक्षिका श्रीमती ममता साहू, राहुल सोनटेके सहित अन्य शिक्षक व स्टॉफ और बच्चे मौजूद थे।

### युवती से मारपीट

**गोटेगांव** बीते दिनों पुलिस थाना मुंगवानी के गाडरवाराखेड़ा पंचायत के गांव में शिवानी यादव के साथ गाली-गलौच करते हुए झूमा झटकी कर मारपीट हो गई। घटना की रिपोर्ट होने पर पुलिस ने जागेश्वर राजोरिया के खिलाफ धारा 126, 296, 115, 351 के तहत मामला कायम किया है।

### बाइक चालक की मौत

**गोटेगांव।** थाना मुंगवानी अंतर्गत बीते दिनों सड़क पर बेसहारा गोवंशों का जमावड़ा बना रहता है। जिसके कारण दुर्घटनाए होती रहतीं हैं। इसके बाद भी सड़क पर विचरण करने वाले मवेशियों को हटाने की दिशा में कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है। डिपो के पास सड़क पर एक गाय से बाइक चालक भारत गौड़ 28 साल पाठा निवासी टकरा गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### नीलम सोनी ( गुड़ीया) का आकस्मिक निधन

**गोटेगांव।** पथरिया कुआं परिवार के वरिष्ठ सदस्य रहे स्व श्री धन्नालाल सोनी की सुपुत्री एवं विकास सोनी एवं नीरज सोनी की बहन नीलम सोनी ( गुड़ीया) का आकस्मिक निधन हो गया है! अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने शामिल होकर स्थानीय मुक्तिधाम में दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्री नीलम सोनी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकसंतृप्त परिवारजनों के प्रति शौक संवेदना व्यक्त की है।

### शतायु प्राप्त श्रीमती श्यामाबाई का स्वर्गवास

**गोटेगांव।** नगर के रुद्रवार्ड निवासी प्रतिष्ठित नागरिक राजेश सेन की परमपूज्य माताश्री एवं दिनेश, पवन, लखन, गोपाल सेन की बुआजी शतायु प्राप्त श्रीमती श्यामाबाई सेन का आकस्मिक निधन हो गया, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के जन प्रतिनिधियों ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनो ने श्रीमति श्यामाबाई की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकसंतृप्त परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्तकर शोकाकुल परिवारजनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की।



## विभिन्न मांगों को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

# कृषि उपयोगी सामग्री पर न्यूनतम हो जीएसटी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





सोमवार को भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत की जिला इकाई द्वारा एसडीएम मणिन्द्र कुमार सिंह को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन में किसानों से जुड़ी विभिन्न मांगों पर निराकरण करने की मांग रखी तथा किसानों को आने वाली समस्याओं को शीघ्र निराकृत करने की बात कही गई। जिससे जिले का किसान व्यवस्थित रूप से कृषि कार्य कर सके। आवारा मवेशियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शासन द्वारा ठोस कार्रवाई की जावे की मांग रखी।

### कम नहीं हो रही किसानों की समस्याएं

जिले के किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नही ले रही है किसानों द्वारा अनेकों बार ज्ञापन सौंप कर प्रशासन तथा सरकार को चेताने का प्रयास किया गया लेकिन सरकार द्वारा किसानों के हित में कोई ठोस कदम नही उठाया गया और ना ही किसानों की समस्याओं का कोई निदान निकाला गया है। जबकि जिला कृषि प्रधान है और जिले मे उत्पादित होने वाले अनाज तथा अन्य सामग्रियों का देश तथा विदेशों मे भी विक्रय किया जाता है परन्तु जिले का उत्कृट किसानों अपनी समस्याओं आए दिन प्रशासन की चैंखट पर ऐड़िया रगड़ता हुआ नजर आता है। संगठन ने सरकार का धन्यवाद किया कि उसने विदेशी डेयरी उत्पाद और जीएम फसलों को देश में आने से रोका। साथ ही कृषि आदान पर जीएसटी को पूर्णतः समाप्त करने की मांग की।

### ये रही मांगे

किसान हितैषी आयात-निर्यात नीति बना जाए। कृषि यंत्र और रसायन पर जीएसटी की दर न्यूनतम रखी जाए। किसान संघ ने कपास पर इंपोर्ट ड्यूटी बहाल करने की मांग। भूमि अधिग्रहण कानून को केवल विकास और राष्ट्रीय हित तक सीमित रखने की बात कही। बैंकों में किसानों के लिए हेल्पलाइन नंबर और समन्वय अधिकारी की नियुक्ति की मांग की। कृषि लोन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग रखी गई। मुद्रा लोन की तरह कृषि लोन देने की मांग की। डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग की। ग्राम पंचायतों में वर्षा मापक यंत्र लगाने की मांग रखी। हर जिले में कृषि महाविद्यालय खोलने और छोटी कक्षाओं में कृषि शिक्षा की मांग की। सभी फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने की मांग की। किसान सम्मान निधि में वृद्धि कर 10,000 रुपए प्रति हेक्टेयर करने की मांग रखी। जैविक किसानों को सब्सिडी और फसल बीमा योजना में सुधार की मांग की। किसानों को 5 लाख तक का केसीसी लोन देने की मांग भी शामिल है। भारतीय किसान संघ ने कहा कि किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। संघ ने प्रशासन से इन मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है।

### समर्थन मूल्य उपार्जन हेतु 57 पंजीयन केंद्रों का निर्धारण

मप्र राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है। समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में उपार्जन के लिए ई- उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित पात्र सहकारी समितियों (विगत दो खरीफ एवं रबी उपार्जन वर्ष की खरीदी मात्र एवं स्वीकृघ्त मात्रा में 0.50 प्रतिशत तक का अंतर) के पंजीयन कार्य के लिए सहायक आयुक्त सहकारिता एवं महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नरसिंहपुर से समितियों के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव एवं अनुशंसा तथा पंजीयन केन्द्र के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा उपरांत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में 57 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत गतिविधियां आयोजित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए समाज स्तर पर जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला, पीले चावल देकर आमंत्रण व मेहंदी लगाकर संचार गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए शिविर, मातृ एवं शिशु देखभाल के लिए जन जागरूकता संबंधी गतिविधियां, जागरूकता एवं परिवर्तन पर सत्र, निश्चय मित्र नामांकन गतिविधियां, रक्तदान शिविर आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी विकासखंड नरसिंहपुर ने महिलाओं से अभियान से जुड़ने और अपने नजदीकी स्वास्थ्य शिविर में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की है। इसके अलावा विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत माध्यमिक शाला, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकों का एनीमिया मुक्त भारत एवं राष्ट्रीय कृमि दिवस की कार्यशाला आयोजित की गई। शिक्षकों को आयरन के महत्व एवं क्रमिनाशक के लाभ और उसके दुष्प्रभाव व बचाव के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षकों से कहा गया कि वे स्कूल की प्रार्थना के समय और बाल सभा के माध्यम से उक्त कार्यक्रम की जानकारी बच्चों के साथ साझा करें। डॉ. रिचा मिश्रा ने समस्त शिक्षकों से कहा कि वे स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार अभियान को सफल बनाने के लिए बच्चों के माध्यम से जागरूकता रैली एवं अभिभावकों की बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक महिलाओं को स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाए।



### 18 ग्राम स्मैक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तीन आरोपियों से 1 लाख 80 हजार मूल्य की 18 ग्राम स्मैक जब्त की गई। आरोपी सूरज नोरिया निवासी इतवारा बाजार, नरसिंहपुर, अंशु खरे निवासी सांकल रोड से 8 ग्राम तथा भूरा उर्फ सफिक खान निवासी सांकल रोड से 10 ग्राम स्मैक जब्त की गई। दो कार्रवाई में कुल 18 ग्राम स्मैक जब्त की गई जिसकी कुल कीमत एक लाख अस्सी हजार रुपए बताई गई। आरोपी के विरुद्ध एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# बाबा बर्फानी के स्वरूप में सजेगा माँ जगत जननी का दरबार



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

पाठक वार्ड स्थित रेलवे गेट के पास जय हनुमान दुर्गा मंडल द्वारा आगामी नवरात्रि महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक अनूठी और भव्य झांकी का निर्माण किया जाएगा जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगी। मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ जगत जननी का दरबार बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा के स्वरूप में सजाया जाएगा। भक्तगण माँ दुर्गा के साथ-साथ बाबा बर्फानी के मनमोहक स्वरूप के भी दर्शन कर सकेंगे। यह झांकी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और इसे नए एवं आकर्षक स्वरूप में प्रस्तुत करने के लिए तैयारियां जोरों पर है। नवरात्रि के नौ दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन माँ की विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा, जिसमें भजन संध्या और महाप्रसादी शामिल है। जय हनुमान दुर्गा मंडल ने नरसिंहपुर शहर एवं आसपास के सभी ग्राम वासियों से विनम्र निवेदन किया है कि वे इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर माँ जगत जननी के दरबार और बाबा बर्फानी की झांकी के दर्शन लाभ प्राप्त करें एवं पुण्य के भागी बनें।

# पुलिया बन बन रही दुर्घटना का कारण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला मुख्यालय से तकरीबन 2 किलोमीटर दूर छिंदवाड़ा रोड पर बनी पुलिया के कारण वाहन चालकों को बेहद परेशानी हो रही है और छुटपुट दुर्घटना रोज ही हो रहीं हैं। इस संबंध में केशव जाट, सतीश जाट, बिनोद साहू, गोलू जाट, अरविंद जाट, अज्जू जाट, बिट्टू साहू आदि ने बताया कि छिंदवाड़ा रोड पर मनोहारी गार्डन के सामने बनी पुलिया पर रोड धसक गई है जिससे रोड नीचे और पुलिया ऊपर हो गई है जिसके चलते टैपर बन गया है। इसके कारण जब वाहन निकलते हैं तो उछाल जाते हैं। जिसमें सर्वाधिक परेशानी मोटर साइकिल वालों को हो रही है क्योंकि मोटरसाइकिल निकलने पर गाड़ी उछल जाती है और कई बार वाहन से लोग गिर जाते हैं खासकर पीछे बैठा व्यक्ति कई बार उछलकर नीचे आ जाता है। प्रायः प्रतिदिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं । यदि समय रहते इसको ठीक नही किया गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उल्लेखनीय है यह बेहद व्यस्त मार्ग है और यहां से अनेक गांवों के लोगों के अलावा छिंदवाड़ा नागपुर के लिए दिन रात वाहन निकालते रहते हैं। अपेक्षा है कि इसको अति शीघ्र संबंधित विभाग ठीक कराए। वहीं लोगों का कहना है कि यदि ठीक नहीं कर गया तो इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# कब धराशाही हो जाए पता नहीं, जर्जर तहसील गोटेगांव भवन

गोटेगांव



जब-जब कोई बड़ा हादसा होता है, तब तब जर्जर भवनों की ढहाकर नया भवन बनाने पर विचार किया जाता है। बजट के लिए रिपोर्ट तैयार होती है, लेकिन समय के साथ-साथ सबकुछ ठंडे बस्ते में चला जाता है। ये जर्जर भवन हादसे को दावत दे रहे हैं, मजबूरी के चलते जान हथेली पर लेकर अधिकारी और कर्मचारी काम करने को मजबूर हैं। बारिश के दिनों में कर्मचारियों का खतरा और बढ़ जाता है। बीते रविवार को यश भारत अखबार के संवाददाता आशीष साहू ने तहसील जर्जर सरकारी भवनों का हाल जाना। स्थानीय तहसील भवन इतना जर्जर हो गया है कि वह कब धराशाही हो जाएं पता नहीं तहसील कार्यालय भवन जर्जर अवस्था में पहुंच गया। साथ ही बारिश का समय भी सामने आ गया है जो की बारिश काल में यह जर्जर भवन और इसकी दीवार गिरने की आशंका है क्योंकि लगातार बारिश का दौर भी जारी है अगर समय रहते जिम्मेदार ध्यान आकर्षित कर इस ओर सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए उचित कदम उठाए नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है भले ही शहर सहित आसपास गांवों के ग्रामीण एवं नगारिकों हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही है लेकिन तहसील कार्यालय का जर्जर भवन कब धराशाई हो जाए इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है नए भवन के लिए अभी तक व्यवस्था ही नहीं शुरू हो सकी। भवन कभी भी ढह सकता है। बारिश होने पर यहां आए लोग शरण लेते हैं। इसके अलावा अधिवक्ता सहित लेख अन्य लोग वाहन खड़ा करते हैं। तहसील के कर्मचारी इस जर्जर भवन में रहते है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का खतरा बना है। स्थानीय नागरिकों अधिवक्ता संघ तहसील कर्मचारी आर आईं पटवारीएवं हितग्राहियों ने सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए नए तहसील भवन निर्माण की मांग की है

# मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने समीक्षा बैठक की आयोजित

गोटेगांव



विगतदिवस समीपवर्ती करकबेल स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला संगठन से पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष प्रभात उदेनिया जिला महिला उपाध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष डॉ गौरव ताम्रकार जिला उपाध्यक्ष नितिन पांडे संगठन मंत्री रोहित मेहरा प्रचार मंत्री रोहित कुमार मेहरा जिला महामंत्री एवं ब्लॉक संगठन से ब्लॉक अध्यक्ष अंकित शुक्ला महिला ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती अनीता श्रीवास्तव सुश्री अनिता राय महिला ब्लॉक उपाध्यक्ष सुरेंद्र सक्सेना सचिव डॉक्टर भरत मेहरा कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल की गरिमामय उपस्थिति में जिला अध्यक्ष प्रभात उदेयनिया के करकमलों से मां सरस्वती की पूजन वंदन करके सभी पदाधिकारी का सम्मान एवं परिचय किया गया ब्लॉक संगठन द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें

29- 6 -2025 को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में स्टाफ नर्स संध्या चौधरी की निर्मम हत्या के संबंध में थाना ठेमी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो एवं 1-7-2025 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करकबेल में हो रही अनियमितताएं और डॉक्टर का पद रिक्त होने की शिकायत कलेक्टर महोदया से की गई जिसके परिणाम स्वरूप करकबेल स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. सूरज मौर्य के रूप में नए डॉक्टर ने पदभार संभाला साथ ही 3-8-2025 को जिला में हुई मासिक बैठक में ब्लॉक सचिव सुरेंद्र सक्सेना ने उपस्थित होकर सभी पदाधिकारी से समन्वय बनाए व 20-8-2025 को जिला संगठन द्वारा जिले में हुई वारदातों के विरोध में पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन में गोटेगांव ब्लॉक सचिव सुरेंद्र सक्सेना ने उपस्थिति दर्ज करवाई इसी क्रम में 27-7-2025 को प्राणी मित्र समिति करकबेल ने कृषक संगोष्ठी ग्राम बौछार में संगठन ने हिस्सा लिया जिसमें कृषकों से मृदा की गुणवत्ता पर्यावरण सुधारने मां नर्मदा के तटों पर फैले हुए कचरे से जैविक खाद तैयार करने जैसे विषयों पर कार्यशाला रखी गई थी और

26-8-2025 को करकबेल के पीएम श्री स्कूल में बच्चों को कक्षाओं में जाकर मौलिक अधिकार की जानकारी दी गई अपने साथ हो रहे किसी भी शोषण का विरोध करने में आवश्यक सहयोग हेतु पदाधिकारी के मोबाइल नंबर बताए गए और ब्लॉक संगठन से सभी का परिचय कराया गया

2-9-2025 को हमारे क्षेत्र के चिकित्सक शिवदयाल पटेल सूरवारी के साथ ठगी कर फोन पर किसी ने क्राइम ब्रांच का हवाला देकर 27000/- रु. की लूट की संगठन में जब जानकारी आई तो पीड़ित व्यक्ति को थाना ठेमी ले जाकर थाना प्रभारी महोदया से बात की और उनका मार्गदर्शन लेकर पीड़ित व्यक्ति को इस समस्या से मुक्ति दिलवाई

आगामी चर्चाओं में करकबेल में हुई रेल दुर्घटना में परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाने पर उस परिवार को रेलवे विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन से प्रावधान के अनुरूप जो सहयोग मिलना चाहिए उसकी योजना बनाई।

इसी प्रकार बिगत तीन माह पूर्व नरेश प्रजापति करकबेल का निधन हो गया जिसके छोटे-छोटे बच्चे हैं उनके परिवार को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मार्गदर्शन किया गया, संगठन में ब्लॉक सचिव के पद पर नवागत डॉक्टर भरत मेहरा को नियुक्त किया गया जिला अध्यक्ष ने पदभार देते हुए सुरेंद्र सक्सेना को ब्लॉक उपाध्यक्ष के पद पर पदोन्नत किया साथ ही क्षेत्र में हो रही समसामयिक घटनाओं पर चर्चाएं हुई भ्रष्टाचार मानव शोषण आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों को लेकर पदाधिकारी के सुझाव और विचार लिए गए और समाज को किस प्रकार हम न्याय दिला सके शोषण से बचा सके जैसे विषयों पर कार्य करने का संकल्प लिया गया

# कुष्ठ उन्मूलन सह जागरूकता कैंप में 42 मरीजों की हुई जांच

**गोटेगांव** विगत दिवस राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर के निर्देशन में जिला कुष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन में अवकाश के दिवस श्रमिक बाहुल्य एवं कुष्ठ संवेदी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खमरिया में निशुल्क शिविर लगाया गया। जिसमें जिला कुष्ठ इकाई से मानसिंह पटेल एवं श्रीमती रीना शर्मा उपस्वास्थ्य केंद्र खमरिया से डॉ अभिषेक नेमा सी एच ओ के एस गुप्ता एम पी डब्लू ग्राम सरपंच श्रीमती अशोका बाई आशा कार्यकर्ता एवं अन्य का सहयोग रहा। कैंप का उद्देश्य छुट्टी के दिवस संदेहास्पद कुष्ठ रोगियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उप स्वास्थ्य केंद्र को कुष्ठ से मुक्त करना ,कुष्ठ के प्रति जागरूक करना विकृति से बचाव की समझाइश देकर जागरूक करना था, शिविर में जांच के दौरान 1 कुष्ठ रोगी मिला जिसका पंजीयन कर एम डी टी उपचार एवं चिन्हित संपर्कों को एसडीआर मेडिसिन एवं अन्य दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई।

